# महाराज अग्रसेन जयन्ती महोत्सव के तहत निकली विशाल शोभायात्रा

**गंगापुर सिटी ।** अग्रवाल समाज गंगापुर सिटी द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव पर गुरूवार को प्रभात फेरी सहित कई कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। गुरूवार को प्रात: 5.30 बजे प्रभात फेरी श्री बद्रीनाथ जी के मंदिर से रवाना होकर बालाजी चोक, प्रमुख बाजार, पुरानी अनाज मंडी, देवी स्टोर चौराहा होती हुई जय अग्रसेन के नारे लगाते हुए वापस श्री बद्रीनाथ जी मंदिर पर पहुंची जहां 6.45 पर अग्रवाल समाज समिति कार्यालय पर ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर अग्रवाल समाज गंगापुर सिटी की विभिन्न इकाइयों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण कार्यकारिणी सदस्य गण समाज के सभी अग्र बंधुओं महिलाएं युवा उपस्थित थे। प्रात: 7.45 पर अग्रवाल भवन ट्रस्ट स्टेशन रोड पर ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ सभी अतिथियों ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों को ग्रहण करते हुए एक दूसरे के सुख दुख में काम आना चाहिए और सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने की पहल करते रहनी चाहिए। अग्रसेन जी महाराज की जयन्ती के पावन अवसर पर अग्रवाल शिक्षण संस्थान में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं अग्रवाल कन्या महाविद्यालय में ध्वजा रोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की। बालिकाओं द्वारा अग्रसेन महाराज की जीवन चरित्र का सजीव चित्रण किया। महाराजा अग्रसैन ने समाजवाद को बढावा देने के लिए एक ईट एक रुपये की प्रथा को लागू करके देश की तरक्की में विशेष योगदान दिया। अग्रवाल समाज का देश की तरक्की में हमेशा विशेष योगदान रहा है। महाराजा अग्रसेन महान देश भक्त व इस समाज के प्रेरणा स्त्रोत रहे है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा की यह अग्रवाल कन्या महाविद्यालय हमारे बुजुर्गो की महिला शिक्षा को बढावा देने की सोच थी जिसको हम सबको मिलकर आगे बढाना है। दोपहर 1 बजे अग्रवाल समाज गंगापुर सिटी की आम सभा अग्रवाल भवन ट्रस्ट स्टेशन रोड पर आयोजित हुई। आमसभा का शुभारम्भ अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष घनश्याम दास बजाज, मिर्जापुर समाज समिति अध्यक्ष चंद्रभान स्वास्तिक, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र रामू, प्रदेश पदाधिकारी महेंद्र गर्ग, गोविंद प्रसाद बरनाला, अग्रवाल शिक्षण संस्थान अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद रोसी वाले, अग्रवाल कर्मचारी विकास समिति अध्यक्ष राधा मोहन गोयल, अग्रवाल भवन ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेश चंद रायपुर, अग्रवाल युवा मंडल अध्यक्ष दीपक पाटोली, पार्षद गौरव मंगल, मंगती लाल, गिरिराज प्रसाद अकाउंटेंट, ओम प्रकाश सरमथुरा, भगवान सहाय सिंघल, शंभू दयाल, मदन मोहन गोठरा, राजकुमार गोयंका, इंद्र लाल एडवोकेट, ओमप्रकाश धर्म कांटा, वेद प्रकाश मंगल, हरिओम भगत, आलोक एडवोकेट, सतीश चंद्र, बाबूलाल, कैलाश चंद, रामावतार, प्रेमचंद तालावडा, कैलाश चंद वजीरपुर, बद्री प्रसाद, जगदीश प्रसाद, अशोक मंगल, दिनेश चंद, जितेंद्र, दिनेश चंद, बाल कृष्ण, महेश चंद, शिवचरण, शिवदयाल गुप्ता, श्रीमती रेखा गर्ग, सुमन आर्य, पुष्पा देवी कृष्ण कुमार गोयल पार्षद, विनोद कुमार गुप्ता पार्षद, महिला मंडल अध्यक्ष गंगापुर रेखा गर्ग, मिर्जापुर सुनीता आर्य एवं रेनू आर्य सहित सभी मंचासीन अतिथियों ने अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर आमसभा की शुरुआत की। आम सभा में अग्रवाल समाज की विभिन्न इकाइयों द्वारा अपना वार्षिक प्रतिवेदन, आय व्यय का लेखा-जोखा सदन में प्रस्तुत किया जिस पर सदन में उपस्थित अग्र बंधुओं द्वारा अपनी राय व सुझाव देकर प्रतिवेदनो को अनुमोदित किया गया। इस अवसर पर अग्रसेन जयंती महोत्सव पर संपन्न हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया। मंचासीन अतिथियों द्वारा सेवाधिकारी को माला, साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनको आसन पर बैठाया। अग्रसेन महाराज की माला सुनील अतेवा के नाम रही। इस अवसर पर सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि हमें हमारे सभी कार्यो को साथ में लेकर मिलकर सभी संगठनों को मजबूत बनाना है और समाज में एकता की भावना पैदा करते हुए, महाराज अग्रसेन के आदर्शो पर चलना है। इसके पश्चात सामूहिक रुप से अग्रवाल समाज के सभी सैकडों अग्र बंधुओं द्वारा महिलाओं एवं युवाओं द्वारा अग्रसेन महाआरती की गई। इसके बाद बैण्ड बाजो के साथ अग्रवाल धर्मशाला से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। महाराज अग्रसेन की 5147वीं जयन्ती के अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला एवं नवीन मण्डी प्रांगण से दो अलग अलग यात्रा शहर में निकाली गई जो कि पुरानी अनाज मण्डी में एक हो कर जब शहर के बाजार से हो कर निकली तो शोभायात्रा की शोभा में चार चांद लग गए। शोभायात्रा में आगे आगे घुडसवार, बैण्ड बाजे व उसके पीछे नाचते गाते समाज के महिला पुरूष चल रह थे। शोभायात्रा का शहर के सामाजिक व व्यापारिक संगठनो सहित राजनीतिक संगठनो पदाधिकारियो ने पुष्प वर्षा कर पेय पदार्थ पिला कर एवं समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियो का माला एवं साफा पहना कर अभिनंदन स्वागत किया। इस दौरान समाज के उत्साही युवक व महिलाऐ नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन, लक्ष्मीनारायण भगवान, भोलेनाथ, रामदरवार, दुर्गा भवानी, श्री कृष्ण लीला, हनुमान सहित एक दर्जन से ज्यादा सजीव झांकी सजाई गई।

## 16वां स्थापना दिवस समारोह मनाया

**रूपवास।** गांव खानुआ में स्थित राणा सांगा स्मारक पर 16 वा स्थापना दिवस समारोह अध्यक्ष धरोहर प्रोन्नित प्राधिकरण राजस्थान सरकार ओंकारसिंह लखावत की अध्यक्षता में मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नदबई विधायक जगतसिंह थे। विशिष्ट अतिथि आरएसएस के विभाग संचालक भगीरथ सिंह, प्रांत प्रचारक बाबूलाल, अध्यक्ष हरिओम सिंह जादौन, पसस दिनेश भातरा, नरेन्द्र कुमार नन्दू, भाजपा नेता भानुप्रताप सिंह, कौशु पहलवान, संतोष सिकरवार, महेंद्र सिंह, विनोद गुप्ता, जिपस दुर्गेश बुटोलिया, सरपंच चितेश्वर खरका, नगर मंत्री विवेक गुप्ता व मंडल अध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिकरौदा थे। इस दौरान दिनभर विभिन्न प्रकार के दौड़, जेवलिन थ्रो, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक जैसे खेलकूद का आयोजन किया गया। तथा बच्चो ने देश प्रेम के गीत सुनाये।

इससे पूर्व अतिथियों ने स्मारक पर दीप प्रज्वलित व राणा सांगा की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके बाद पर्यटन विभाग की ओर से कालबेलिया नृत्य के साथ साथ पुरातत्व विभाग व शहीदों की गाथाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत ने कहा कि ये मूर्तियां हमे अपने पूर्वजों के बलिदान की याद दिलाती है।

वही इनके रखरखाव की जुम्मेदारी भी हम सबकी है। क्योंकि यह मूर्तियां ही आगे आने वाली पीढ़ी को सामने वाले के अत्याचार से मुक्ति दिलाने का काम करेगी।

## जयपुर नेशनल हाइवे पर ट्रक की स्लीपर कोच की भिड़ंत

- हादसे में सात यात्री घायल, 35 यात्री बाल-बाल बचे
- ट्रक का चालक फरार,बस के चालक-परिचालक चोटिल

**हलैना भरतपुर ( निस )।** जयपुर-आगरा नेशनल हाइवे-21 स्थित नदबई उपखण्ड के गांव हन्तरा के ओवर ब्रिज के पास यातायात के निमय के विरूद्व गलत दिशा में चल रहा क्रेसर से भरा एक ट्रक सामने से आ रही एक स्लीपर कोच के जा टकराया। इस हादसे में स्लीपर कोच के परिचालक सहित सात यात्री घायल हो गए। जबकि कोच में सवार अन्य 35 यात्री बाल-बाल बच गए। हादसा स्थल से ट्रक का चालक व खलासी फरार हो गए। सूचना पर लखनपुर थाना क्षेत्र की डहरा मोड पुलिस चौकी प्रभारी व एएसआई मुकेश कुमार मय जाप्ता तथा टोल वसूल कम्पनी के परियोजना निदेशक कौशल पनिहार व आमौली टोल प्रबन्धक दीपक कुलश्रेष्ठ मय सुरक्षा व चिकित्सा टीम के घटना स्थल पहुंचे। जिन्होने क्षितग्रस्त स्लीपर कोच में फंसे घायल यात्रियों को निकाल कर एम्बूलेंस-1033 एवं एम्बूलेंस-108 से भरतपुर स्थित आरबीएम अस्पताल पहुंचाया और अन्य यात्रियों को दूसरे वाहनों से यथा स्थान को बैठा दिया। पुलिस ने दोनों क्षितग्रस्त वाहनों को कब्जे लेकर हादसा स्थल से फरार हुए ट्रक के चालक व खलासी की तलाश की लेकिन वे नही पकडे जा सके। ये ट्रक वैर की ओर से गांव हन्तरा होकर एक क्रेसर से बजरी लेकर भरतपुर तथा स्लीपर कोच लखनऊ से अजमेर की ओर जा रहे थे। ट्रक में क्षमता से अधिक बजरी भरी थी। डहरा मोड पुलिस चौकी प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव हन्तरा के ओवर ब्रिज के पास क्रेसर की बजरी से भरे ट्रक एवं स्लीपर कोच की भिण्डत हो गई। ट्रक यातायात के नियम तोड कर गलत दिशा में चल रहा था। जो सामने से आ रही एक स्लीपर कोच से जा टकराया। हादसा में स्लीपर कोच में सवार परिचालक सहित सात सवारी घायल हो गए, जबकि अन्य 35 सवारी बाल-बाल बच गए। जिनमें से एक दर्जन सवारियों के मामूली चोटे अवश्य आई। सूचना पर मय जाप्ता के पहुंचे और टोल वसूल कम्पनी को हादसा की सूचना दी। सूचना प्राप्त होते ही टोल वसूल कम्पनी के अधिकारी कौशल पनिहार एवं दीपक कुलश्रेष्ठ मय सुरक्षा व चिकित्सा टीम के साथ आए और पुलिस एवं टोल वसूल कम्पनी की टीम ने एम्बूलेंस-1033 तथा एम्बूलेंस-108 की मदद से सभी घायलों को भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। उन्होने बताया कि हादसा में स्लीपर कोच एचं ट्रक क्षितग्रस्त हो गए, जिन्हे पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

## अधिवक्ता के घर दिन दहाडे चोरी

- पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई व फुटेल उपलब्ध कराने पर भी थाना मथुरा गेट ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं की

**भरतपुर ( निस )।** मौहल्ला गोपालगढ में एक अधिवक्ता के घर दिन के बारह बजे चोरी हुई घटना कैमरे में कैद है जिसमें चोर सामान ले जाते हुए दिख रहा है। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई व फुटेल उपलब्ध कराने पर भी थाना मथुरा गेट ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं की। बताया जाता है कि जांच चौकी चौबुर्जा के प्रभारी राकेश मान को दी गई परन्तु चार दिन गुजर जाने के बाद भी आज दिन तक कोई पुलिस कर्मी जांच को नहीं आया। पुलिस द्वारा चोरी के सामान को खुर्द बुर्द करने व फुटेज को धूमिल होने का अवसर दिया जा रहा है। समय गुजरने पर चोर पहचान व पकड से बाहर हो जावेगा। क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि इस क्षेत्र में आये दिन इस प्रकार की घटनाऍ हो रही हैं। पहले रैकी की जाती है फिर मौका मिलते ही घर में घुस कर जो भी हाथ पडता है ले जाते हैं। चूंकि चोर कबाड पर ले जाता है इसलिए लोग घटना की रिपोर्ट नहीं करते क्योंकि ऐसी चोरियों पर पुलिस गंभीर नहीं है। रिपोर्ट भी नहीं करती। ऐसे चोरों का गिरोह शहर में सक्रिय है यह मौका लगते ही कभी भी बडी वारदात कर सकते हैं। कार्यवाही नहीं होने पर चोरों को बल मिलता है व वारदात बढती चली जा रही हैं।

## घर घर में हुई घट स्थापना

**गंगापुर सिटी ।** गंगापुरसिटी सहित आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को सुबह शुभ मुहूर्त में पंचमहायोग के बीच घट स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र की शुरुआत हो गई। घट स्थापना के लिए गुरुवार को कई शुभ मुहूर्त रहे। इनमें पहला शुभ मुहूर्त सुबह 6.40 बजे से 7. 53 बजे तक, 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक और शाम 4.30 बजे से 6 बजे तक था। ऐसे में सुबह 7.53 से पहले और 10.50 से के बाद से दोपहर 1.30 बजे तक के बीच में अधिकांश मंदिरों और माता के भक्तों के द्वारा घट स्थापना की गई। इस बार तृतीया तिथि दो दिनों तक रहेगी। इस तिथि की गडबडी से अष्टमी और महानवमी की पूजा 11 तारीख को होगी। 12 अक्टूबर शनिवार को दशहरा मनेगा। तिथि की गडबडी के बावजूद देवी पूजा के लिए पूरे नौ दिन मिलेंगे। शारदीय नवरात्र इस बार पंचमहायोग में शुरू हुई है। इनमें पर्वत, शंख, पारिजात, बुधादित्य और भद्र नाम के पांच राजयोग में नवरात्रि शुरू हुई है। ज्योतिषियों का मानना है कि इन पंचमहायोग में घट स्थापना होने से देवी आराधना का शुभ फल और बढ जाएगा। अष्टमी और महानवमी की पूजा 11 तारीख को होगी। 12 अक्टूबर शनिवार को दशहरा मनेगा और इस दिन घरों में देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन होगा। शारदीय नवरात्र को लेकर शहर के चक्रपाणी दुर्गा मां मंदिर, सालौदा स्थित कैलादेवी मंदिर, चौथ माता बाजार स्थित चौथ माता मंदिर, मालगोदाम रोड स्थित संतोषी माता मंदिर सहित कई अन्य मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया। साथ ही साफ-सफाई के बाद मंदिरों में शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की गई। इस दौरान उदेई मोड स्थित मनोरथ सिद्ध हनुमानजी मंदिर, बंदरिया का बालाजी, ट्रक यूनियन स्थित गणेश मंदिर, कल्याणजी मंदिर, बालाजी चौक, उघाडमल बालाजी, तहसील स्थित चक्रपाणी मंदिर में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

## हरी झंडी दिखाकर शोभा यात्रा का शुभारंभ

**भरतपुर ( निस )।** अग्रवाल सेवा संस्थान रंजीत नगर भरतपुर द्वारा भगवान अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर संस्था अध्यक्ष एसपी जिंदल की अध्यक्षता में एवं भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा जिलाध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, उद्योगपति भूपेश अग्रवाल, यश अग्रवाल, भरतपुर जिला महिला अग्रवाल महासभा की जिलाध्यक्ष शालिनी मित्तल, महामंत्री सपना दिगिया, कोषाध्यक्ष सीमा मित्तल युवा शहर अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल, एडवोकेट राजेश मित्तल पूर्व अध्यक्ष सतीश चंद्र गुप्ता, विष्णु दत्त जैन, शंकर लाल अग्रवाल के मुख्य आथित्य में चेंबर ऑफ कॉमर्स नई मंडी से हरी झंडी दिखाकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया। संस्था कार्यकारी अध्यक्ष नवल किशोर गुप्ता महामंत्री मुकेश सिंघल कोषाध्यक्ष रामनिवास अग्रवाल, विनोद जैन, उमेश अग्रवाल, राधा मोहन अग्रवाल, मुकेश गर्ग, लतेश गोयल, हिरदेश अग्रवाल, केदारनाथ गर्ग, दिलीप गर्ग, विशेष सिंघल, रवि जिंदल, देवेंद्र चामड, विकास मित्तल, अमित गर्ग, संजय गुप्ता, सुरेश जैन एवं पदाधिकारियों द्वारा सर्वप्रथम भगवान अग्रसेन महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन कर आरती की गई। महामंत्री मुकेश सिंघल ने बताया की शोभायात्रा में भगवान अग्रसेन स्वरूप सूरजभान अग्रवाल एवं 18 राजकुमारों एवं ध्वजवाहक रथो घोड़ों पर यह शोभा यात्रा भव्य रुप से नई मंडी प्रांगण में होते हुए रंजीत नगर ब्लॉक ए बी सी ई मुखर्जी नगर से चलते हुए सेक्टर 3 स्थित प्रेम गार्डन पर पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक डॉ सुभाष गर्ग के मुख्य आथित्य में समापन किया गया। विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने भगवान अग्रसेन स्वरूप एवं सभी राजकुमारों का स्वागत सम्मान कर शुभकामनाएं दी। शोभा यात्रा का रास्ते में जगह-जगह विभिन्न संगठनों एवं समाजों द्वारा भगवान अग्रसेन महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रसाद चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। उसके बाद सभी मातृशक्ति बुजुर्गों बच्चों ने भोजन प्रसादी प्राप्त किया एवं संस्था द्वारा भामाशाह उद्योगपति जगमोहन गोयल, नरेंद्र अग्रवाल, रूपेश बंसल, सूरजभान अग्रवाल, मनीष गोयल सराफ, विमला गोयल का माला दुपट्टा एवं सम्मान पत्र देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर नीरज गुप्ता, बृजेश मित्तल, प्रवीण बंसल, सतीश बाबू, अशोक गोयल, विष्णु अग्रवाल, लोकेश सिंघल, बृजमोहन अग्रवाल, केशव देव अग्रवाल, एस पी गोयल, गौरीशंकर अग्रवाल, हिमानी जिंदल, पुष्पा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल,एवं सदस्य व हजारों की संख्या में भरतपुर गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भव्य जनकपुरी सजाई

**भरतपुर ( निस )।** चिंताहरण हनुमान सेवा समिति भरतपुर द्वारा राम बारात के स्वागत सत्कार हेतु राम वाटिका गोवर्धन गेट भरतपुर पर भव्य एवं आकर्षक जनकपुरी सजाई गई। राम बारात के आगमन पर राजा जनक हरिओम बंसल सर्राफ, माता सुनयना अरूणा बंसल, राकेश मित्तल, प्रमेन्द्र गुप्ता, राधाकृष्ण अप्पन, सुरेश गुप्ता, शरद बंसल, अशोक गुप्ता, राजेन्द्र गोयल, महेश गोयल, प्रदीप गुप्ता, लक्ष्मण पाठक केशव शर्मा, दाऊदयाल सहित समिति के सभी महिला पुरूष सदस्यों द्वारा माल्यार्पण करके बारात का स्वागत किया।

मंचासीन प्रभु श्रीराम सहित तीनों भाईयों एवं माता जानकी का तिलक समारोह विधायक डॉ सुभाष गर्ग के सानिध्य में हुआ। महाआरती के बाद सभी को भोजन प्रसादी कराई गई। संचालन नरेश अग्रवाल ने किया

## अग्रसेन जयंती पर धूमधाम से निकली कलश यात्रा

**सूरौठ ।** कस्बे की अग्रसेन वाटिका में अग्रसेन जयंती पर वाटिका परिसर से 1008 श्री अग्रसेन महाराज की 5148 वी जयंती पर कलशयात्रा कस्बे के मशहूर बैड बाजें के साथ अग्रसेन वाटिका पीएनबी बैंक, गांधी स्मारक चौराहे होते हुए पुलिस चौकी, मस्जिद चौराहे, सब्जी मंडी होते हुए गंगापुर भरतपुर मेगा हाईवे सूरौठ बस स्टैंड महात्मा गांधी बालिका विद्यालय होते हुए पुन अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलशयात्रा का किया गया ।


स्वागत सत्कार अग्रवाल समाज के अध्यक्ष घनश्याम मंगल,युवा अध्यक्ष राहुल नागरिया व तहसील अध्यक्ष सतीश जिंदल ने जानकारी देते हुए बताया की कलशयात्रा संपूर्ण होने के पश्चात वाटिका परिसर में महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए व साथ ही सरकारी नौकरीयो में चयनित अभ्यर्थियों व 10 वी व 12 वी कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र व छात्राओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

इस मौके पर अखिलेश गोयल, राजकमल जिंदल, राजेश जिंदल,मंगेश गुप्ता, घनश्याम गोयल,सत्यप्रकाश सिंघल, पुरुषोत्तम पीलोदिया, सतीश पीलोदिया, श्याम पीलोदिया, सत्तों, पीलोदिया, पंकज पीलोदिया,विष्णु गुप्ता, बबलू गोयल संजय जिंदल पिंटू गोयल, भोलू गोयल मुकेश, बनवारी गोयल, नरेंद्र नागरिया विष्णु मित्तल सहित महिला मंडल में अध्यक्ष इंद्रा देवी व पूजा सिंघल महामंत्री माधुरी जिंदल , लता सिंघल , कमलेश मंगल , लक्ष्मी गोयल , ममता गोयल , अनीता गोयल , मोहिनी गोयल, नीतू जिंदल , सुहानी गोयल , आदि महिला सदस्य गण उपस्थित रहे ।

# तहसीलदार और विकास अधिकारी के तबादले किए

- विकास अधिकारी गुलाबसिंह गुर्जर का स्थानांतरण गंगापुर सिटी से मांडल भीलवाडा कर दिया है
- भगवानसहाय मीणा नायब तहसीलदार को मंडावर दौसा से बरनाला गंगापुर सिटी रिक्त पद पर नियुक्त किया है।

**गंगापुर सिटी ।** राज्य सरकार ने तहसीलदार और विकास अधिकारियों के तबादले किए हैं। इस संबंध में राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर के निबंधक महावीर प्रसाद ने तहसीलदारों के तबादले कर आदेश जारी किए हैं। वहीं, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग पंचायती राज के उपायुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव द्वितीय रामनारायण बडगुजर ने विकास अधिकारियों के तबादले कर आदेश जारी कर दिए है। गंगापुर सिटी में जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्रसिंह का स्थानांतरण गंगापुर सिटी से धौलपुर कर दिया है, फिलहाल गंगापुर सिटी में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर शैलेन्द्रसिंह के स्थान पर किसी को नहीं लगाया है, जिससे अभी यह पद रिक्त है। इसके अलावा विकास अधिकारी गुलाबसिंह गुर्जर का स्थानांतरण गंगापुर सिटी से मांडल भीलवाडा कर दिया है, गुलाबसिंह के स्थान पर गंगापुर सिटी में बाबडी जोधपुर से जगदीश गुर्जर को विकास अधिकारी लगाया है। इसी तरह कुम्हेर भरतपुर से कजोडमल मीणा को बामनवास विकास अधिकारी लगाया है। नए आदेश के अनुसार भगवानसहाय मीणा नायब तहसीलदार को मंडावर दौसा से बरनाला गंगापुर सिटी रिक्त पद पर नियुक्त किया है। गंगापुर सिटी तहसीलदार सुधारानी मीणा को यहां से पहाडी डीग लगाया और सुधारानी के स्थान पर गंगापुर सिटी तहसीलदार पद पर बृजेश कुमार सिहरा को जालसू जयपुर ग्रामीण से नियुक्त किया है। रवि शर्मा तहसीलदार टोडाभीम से स्थानांतरित कर सांगोद कोटा लगाया जबकि महवा दौसा से हरकेश मीणा को टोडाभीम तहसीलदार लगाया है। इसी तरह बांदीकुई दौसा से तहसीलदार धर्मेन्द्र कुमार मीणा को नादौती में तहसीलदार के रिक्त पद पर नियुक्त किया है। राजस्व मंडल अजमेर से तहसीलदार को तलावडा में तहसीलदार के रिक्त पद पर नियुक्त किया है।


आप सभी सादर आमंत्रित हैं

राजस्थान
भारत का अतुल्य राज्य !

पर्यटन विभाग, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एवं जिला प्रशासन, दौसा

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: पर्यटक स्वागत केन्द्र, जयपुर, फोन: 0141-2822863

trcjaipur-dot@rajasthan.gov.in www.tourism.rajasthan.gov.in App Rajasthan Tourism Official

rajasthantourism my_rajasthan rajasthan_tourism Rajasthan Tourism Channel

अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण कार्यक्रम में बदलाव संभव है


## सायबर ठगी के आरोप में पांच जने गिरफ्तार

**जुरहरा/भरतपुर, (निसं)।** स्थानीय थाना पुलिस ने साइबर ठगी के आरोप में पांच आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 7 एंड्रॉयड मोबाइल फोन व 7 फर्जी सिम कार्ड जप्त किए हैं। ठगी के आरोप में गिरफ्तार किए गए आरोपी भोले-भाले लोगों से सेक्स चेट व वीडियो कॉल कर उनका न्यूड वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर व सोशल मीडिया पर गुप्त रोगों से निजात दिलाने तथा नपुंसकता दूर करने के विज्ञापन डालकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। जुरहरा थानाधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार देर रात्रि को रेंज स्पेशल टीम के सदस्य कांस्टेबल अभिमन्यु की सूचना पर नहर की पटरी जंगल कस्बा जुरहरा से साइबर ठगी करने के आरोपी परविन्दर सिंह पुत्र जनरेल सिंह रायसिख निवासी ग्राम सहसन थाना जुरहरा जिला डीग, सचिन पुत्र इन्दरसिंह रायसिख निवासी ग्राम सहसन थाना जुरहरा जिला डीग, परविन्दर सिंह पुत्र गुरदीप सिंह रायसिख निवासी ग्राम सहसन थाना जुरहरा जिला डीग, तारिफ हुसैन पुत्र छुद्दू खान मेव निवासी ग्राम नगला डूबोकर थाना जुरहरा जिला डीग व तारिफ पुत्र अख्तर हुसैन मेव निवासी ग्राम बामनी थाना जुरहरा जिला डीग को गिरफ्तार किया गया है।

## भुसावर में फिर जीवित हो उठी सदियों पुरानी परंपरा

**भुसावर ( निस )।** आज के बदलते परिवेश एवं डिजिटल युग में टेसूला झांझी को सजाने एवं खेलने की परंपरा का इतिहास अब धुंधली सी कहानी बनकर रह गया है।

टेसूला और झांझी को सजाने एवं खेलने की परंपरा राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा में समय-समय पर रीति रिवाज के साथ मनाया जाता हैं और खेला भी जाता है। हालांकि विलुप्त हो रही इस ब्रज की प्राचीन परंपरा को जीवित बनाए रखने के लिए भुसावर कस्बे सहित ग्रामीण अंचल में युवक, बच्चे, बालिकाएं, युबतिया विष्णु, राघवेंद्र, द्रोण, जितेश ने जानकारी देते हुए बताया कि टेसूला की आकृति तीन लकडी से बनी होती है जिस पर एक ओर राजा दूसरी ओर मंत्री तीसरी और चौकीदार होता है। जहां कस्बे के गली, मोहल्ले, चौराहा सार्वजनिक जगह होते हुए घर-घरों में दिन ढलते ही समूह में टोलियो के साथ सामूहिक गीत टेसूला टेसूला घंटार बजाइओ दस नगरी दस गांव बसईयो, टेसू मेरा यही खड़ा खाने को मांगे दही बड़ा गाकर दस्तक देते हैं। वही पुष्पा, रेनू चंचल, दीक्षा ने भी जानकारी देते हुए बताया कि सांझी की आकृति एक मटकी के रूप में होती है जिसमें छोटे-छोटे कील से छेद कर मटकी में रेत, मिट्टी डालकर उसे पर दीपक जलाते हैं जिससे मटकी के छेद में से मनमोहक उजाला निकलता है वही सामूहिक रूप से गीत चली है झांसी हम सबसे मुखड़ा मोड़ के,,, दही बड़े में बन्नी लाओ सेठ अठन्नी जैसे तुकबंदी के साथ गाते हुए नजर आते हैं। जहां उन्हें घरों एवं दुकानों पर उपहार स्वरूप आशीर्वाद रूपए, पैसे, अनाज देकर उनका मनोबल बढ़ाते हैं।

वही बुजुर्ग टिल्लाराम, चेता बाबा, हरदेव कटारिया ने बताया कि टेसूला झांझी सजाने एवं खेलने की परंपरा महाभारत काल से जुड़ी हुई है। पांडव पुत्र भीम के पुत्र घटोत्कच के पुत्र बाबरी को महाभारत की सेना में विनाश करते हुए देख श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से बबरिक का सिर काटकर पहाड़ी पर एक पेड़ पर रख दिया था।

महाभारत के युद्ध के बाद बबरिक की इच्छा पूरी करने के लिए शरद पूर्णिमा के दिन विवाह निश्चित किया। तभी से यह टेसूला और झांझी खेलने की परंपरा चली जा रही है।

वहीं उन्होंने बताया कि भुसावर कस्बे में टेसूला और झांझी को सजाने एवं खेलने की परंपरा सर्दियां नवरात्रों में घट स्थापना से लेकर विजयदशमी दशहरा तक सूर्यास्त के बाद खेलते हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**हिंडौन सिटी ।** शहर के महवा मार्ग स्थित मुंडरी मोड़ के पास बुधवार शाम करीब 6.15 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिन्हें पुलिसकर्मी उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। ड्यूटी डॉक्टर मनीष अग्रवाल ने बताया कि दोनों युवकों की स्थिति काफी गम्भीर है। वही दोनों युवकों के एक पैर पर गम्भीर चोट है।

इधर महू चौकी प्रभारी प्रेमसिंह ने बताया कि बुधवार शाम करीब 6.15 बजे सूचना मिली कि क्यारदा स्थित मुंडरी मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक घायल पड़े है। जिसके बाद महू चौकी और नई मंडी थाना से पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। वहां घायल अवस्था मे मिले दोनों युवकों को सरकारी जीप से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

इधर इस दुर्घटना के बाद नई मंडी थाना प्रभारी रामकिशन यादव भी अस्पताल पहुंच गए।

दुर्घटना में घायलों के मोबाइल डैमेज होने से उनके बारे में कोई जानकारी नही मिल पाई है। दोनों ही घायल बेहोशी की अवस्था मे जिला अस्पताल पहुंचाए गए है। घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## भरतपुर के मोहित गुप्ता का रणजी ट्रॉफी कैंप में चयन

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा राजस्थान की सीनियर रणजी ट्रॉफी टीम बनाने हेतु लगाए जा रहे रणजी ट्रॉफी कैम्प में भरतपुर ज़िले के ललिता मुड़िया निवासी राइट आर्म फ़ास्ट बॉलर मोहित गुप्ता का चयन हुआ है। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि यह कैम्प जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 4 नवंबर से आयोजित किया जाएगा।

इस कैम्प में पूरे राजस्थान से 35 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। मोहित गुप्ता द्वारा पूर्व में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएंओ एवं राजस्थान की सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी में किए गए बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर चयन कैम्प में हुआ है। मोहित के चयन पर जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय पर मिठाइयां बांटी गई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

इस मौके पर संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह उपाध्यक्ष विष्णु लोहिया, अजय कुमार शर्मा, संयुक्त सचिव अरुण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुनेन्द्र तिवारी, सदस्य नाहर सिंह, बीनू सिंह, राहुल लोहिया, पावन कौंतय उतम शर्मा एडवोकेट, अमित सिंह, गिरीश बहनेरा, मंगल सिंह, राजकुमार जैन, अवदेश खटाना, राजेश गुप्ता,महेश गुप्ता एवं वरिष्ठ खेल पत्रकार संजीव चिनिया आदि उपस्थित रहे।

# 43 घुमंतू, अर्द्ध-घुमंतू परिवारों को पट्टों का वितरण किया

■ कार्यक्रम में करीब 43 घुमंतू, अर्द्ध-घुमंतू परिवारों को राज्य सरकार की ओर से प्रदान किए गए पट्टों का वितरण किया गया।

**गंगापुर सिटी ।** भारत सरकार के नीति आयोग के निर्देश पर आशान्वित ब्लॉक गंगापुर सिटी में बुधवार को संपूर्णता अभियान समापन समारोह सालौदा स्थित अर्जुन पैलेस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी एवं पंचायत समिति की प्रधान मंजू गुर्जर, सभापति शिवरत्न अग्रवाल आदि ने शिरकत की। जिला कलेक्टर ने बताया कि संपूर्णता अभियान भारत सरकार के नीति आयोग के निर्देशानुसार चलाया गया एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम रहा, जो कि पिछले 3 माह तक चला।

इसमें विकास के कुल छः संकेतकों थे, जिनमें चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, एकीकृत बाल विकास सेवा और राजीविका के थे। इसमें से पांच संकेतकों में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया है और एक संकेतक में लगभग 80 प्रतिशत सफलता हासिल कर ली है, बचे हुए 20 प्रतिशत लक्ष्य को शीघ्र अगले 3 से 4 दिवस में पूर्ण कर लिया जाएगा।

विकास अधिकारी गुलाबसिंह ने बताया कि संपूर्णता अभियान के तहत चिकित्सा विभाग में गंगापुर सिटी ब्लॉक में पूरी जनसंख्या के 33 प्रतिशत लोगों का बीपी, शुगर, हाइपर टेंशन की जांच करना है। कृषि विभाग में मिट्टी की जांच कर साइल हेल्थ कार्ड जारी करना और कृषि विभाग की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाना है, जिसमें आज 10 कार्ड वितरित किए गए।

महिला एवं बाल? विकास विभाग में प्रसव पूर्व महिलाओं की जांच कर टीकाकरण करना है, आज 96 महिलाओं के रजिस्ट्रेशन किए गए। इसी तरह राजीविका मिशन के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, इसमें एक समूह में 2 लाख ऋण देना है। करीब एक हजार महिलाओं को इससे लाभान्वित किया है। आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत जमीनी स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी इस दौरान प्रोत्साहित किया गया। साथ ही संपूर्णता अभियान का समापन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में करीब 43 घुमंतू, अर्द्ध-घुमंतू परिवारों को राज्य सरकार की ओर से प्रदान किए गए पट्टों का वितरण किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा एक प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई थी, जिसके तहत 1 अक्टूबर को सभी कार्यालयों का निरीक्षण भी कराया गया और जिन कार्यालयों की साफ-सफाई अच्छी थी उनको पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा प्रतिस्पर्धा के तहत प्रथम पुरस्कार जिला कलेक्टर कार्यालय, द्वितीय पुरस्कार कृषि उपज मण्डी, तृतीय नगर परिषद् को प्रदान किए गए।

स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ठ कार्य के लिए ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. बत्तीलाल मीना, कृषि अधिकारी मुकेश यादव, महिला पर्यवेक्षक कविता अग्रवाल एवं आशान्वित ब्लॉक फेलो यशस्वी अग्रवाल को सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल्स लगाए गए और स्टॉल्स का जिला कलेक्टर द्वारा अवलोकन किया गया। मंच संचालन उप-प्रधानाचार्य महिलाल मीना द्वारा किया गया।

# अग्रसेन जयन्ती महोत्सव की शुरुआत

**भुसावर भरतपुर ( निस )।** स्थानीय अग्रवाल समाज की ओर से अग्रसेन जयन्ती के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव की शुरुआत प्रभात फेरी व वैदिक यज्ञ के साथ की गई। उपमंत्री अंशु मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय अग्रवाल समाज की ओर से तीन दिवसीय अग्रसेन जयन्ती महोत्सव के अंतर्गत अग्रवाल समाज युवा समिति के पंकज गर्ग व विवेक गर्ग के नेतृत्व में प्रातः सेठ मांगीलाल भडाके वाले अग्रवाल समाज भवन से प्रभात फेरी निकाली गई। अध्यक्ष सुभाषचंद सिंघल ने प्रभात फेरी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा कस्बे के विभिन्न मार्गो से होकर महाराजा अग्रसेन के जयकारों एवं रवि मित्तल द्वारा प्रस्तुत वैदिक भजनों के साथ निकाली गई। प्रभात फेरी में मौजूद 61 अग्रजनों में से तीन लकी ड्रॉ विनर सोमेन्द्र गोयल, रजनीकांत मित्तल व बृजेश जिंदल रहे। इसके पश्चात अग्रवाल समाज भवन पर अध्यक्ष सिंघल ने अग्र ध्वज फहराया तथा समाज के मंत्री अमृत मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रमोद सर्राफ, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र मित्तल, स्वागत मंत्री मोहित गुप्ता व गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर अग्रसेन की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवन व माल्यार्पण किया और आर्य समाजी मंजू आर्य व राजेंद्र मित्तल ने वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ सम्पन्न कराकर विश्व शांति की कामना की। समाज की ओर पूर्व में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित की गई तिरंगा सेल्फी के लकी ड्रॉ विनर प्रियंका सिंघल, डोली गर्ग व सुमन सिंघल रहीं। लकी ड्रॉ विनर को मालती अचार उद्योग के रघुपत गुप्ता की ओर स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन मनीष मित्तल द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के महिला, पुरुष, बच्चे व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि समाज की ओर से अग्रसेन जयन्ती महोत्सव के द्वितीय दिवस को सम्मान समारोह व सामूहिक भोज का कार्यक्रम रखा गया है एवं तृतीय दिवस को अग्रवाल समाज युवा समिति के नेतृत्व में कस्बे के मुख्य मार्गो से होकर अग्रसेन शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

## अग्रसेन जयन्ती का आयोजन

**भरतपुर( निस )।** अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित अग्रसेन महिला विद्यापीठ परिसर में अग्रसेन जयन्ती का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक सुभाष गर्ग व पूर्व विधायक विजय बंसल द्वारा ध्वजारोहण कर एवं भगवान अग्रसेन महाराज पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया गया। इस जन्मोत्सव के अवसर पर संस्थान की छात्राओं द्वारा विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों में राजस्थानी नृत्य, गंगा आरती, प्रस्तुतियों से समारोह को भव्य बनाया।

## सार-समाचार

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** श्री मित्र भारत समाज संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय भगवत कटारा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता, तारा चंद शर्मा चिचाना के मुख्य आतिथ्य, साहित्यकार अशोक धाकरे एवं जीवन लाल खोखर के विशिष्ट आतिथ्य में काव्यांजलि एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भगवत कटारा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया तत्पश्चात कवि पूरन शर्मा द्वारा मां सरस्वती वंदन से किया गया। इस अवसर पर संस्थान के जिला अध्यक्ष कुलदीप कटारा ने लक्ष्मण चौधरी तथा पूरन शर्मा को साहित्य मानव मित्र पुरुस्कार से सम्मानित किया तथा इक्कीस असहाय महिलाओं को साड़ियां वितरित कर भगवत कटारा की परम्परा का निर्वहन किया। श्रद्धांजलि सभा से पूर्व प्रातः काल में जाने माने फिजिशियन डॉक्टर विवेक भारद्वाज के सानिध्य में वंचितों को फल वितरण का कार्यक्रम भी संस्थान द्वारा किया गया। काव्यांजलि कार्यक्रम संयोजक श्याम सिंह जघीना ने अपनी कविता पत्थरों पर भी अपनी पहचान लिखने वाले राजीव आरसीसी ने इस कलियुग जैसे युग में जिसने मानवता को संवारा जय कुमार जय ने रखो पिता का मान शीश पर उनका साया है। डॉ लोकेश नीरज ने रोशनी लेके चलो साथ अमन की यारो, अशोक धाकरे ने जिन्होंने मानव सेवा व्रत जीवन में था धार लिया नामक कविता सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। सुरेश चतुर्वेदी ने उन्हें भव्य भाल भारत का गौरव बताया। नर्सिंग अधीक्षक दीवान सिंह ने सभी कवियों का आभार प्रकट करते हुए भगवत कटारा को नमन किया। अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार गुप्ता ने इस काव्यांजलि को बेहद सार्थक बताते है मानव सेवा धर्म हित भगवत लियो अवतार कविता पढ़कर उनके सत्कर्मों से हम सभी को प्रेरणा लेने की बात की।

### पदस्थापन विवरण भिजवाये

**करौली,(नि.स.)।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक ने बताया है कि राजस्थान सरकार के सभी कर्मचारी व अधिकारी जिनकी नियुक्ति 1 अप्रैल 2004 से 31 मार्च 2012 के मध्य हैं उन सभी को सूचित किया जाता है कि जिला कार्यालय सहायक निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग करौली द्वारा एनपीएस के लेजर तैयार किये जा रहे है। अतः सभी कर्मचारी व अधिकारी अपनी नियुक्ति तिथि से 31 मार्च 2012 तक पदस्थापन विवरण एवं एनपीएस पास बुक में समस्त प्रविष्टियां कर आहरण एवं वितरण अधिकारी से प्रमाणित कर इस कार्यालय को छायाप्रति आज शुक्रवार 4 अक्टूबर तक भिजवायें। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को उक्त कार्य हेतु निर्देशित भी किया है।

### हरी कीर्तन व पद दंगल 16 से

**करौली , (नि.स.)।** ग्राम पंचायत नारौली डांग में 16 अक्टूबर से चार दिवसीय विशाल हरी कीर्तन व पद दंगल का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए दंगल कमेटी के पदाधिकारियों ने क्षेत्र की प्रसिद्ध हरी कीर्तन पार्टियों को आमंत्रण पत्र सौंपा है। दंगल कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि नारौली डांग में 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले चार दिवसीय विशाल हरी कीर्तन व पद दंगल में भाग लेने के लिए कमेटी के पदाधिकारियों ने जोड़ली, जीरोता,खानपुर,औड़च व पहाड़पुरा की प्रसिद्ध हरी कीर्तन पार्टियों को आमंत्रण पत्र सौंपकर 16 व 17 अक्टूबर को कीर्तन पार्टियों व पद पार्टी झारेडा, भूडा उकेरी, शेखपुरा व डेंडान को 18 व 19 अक्टूबर को दंगल में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। ये पार्टियां दंगल में धार्मिक एवं पौराणिक कथाओं पर आधारित रचनाओं की प्रस्तुतियां देंगी।

### सदस्यता अभियान पर दिया जोर

**करौली,( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत खेड़ा जमालपुर मण्डल के कांचरौली शक्तिकेन्द्र के बूथ क्रमांक 27,28,29 पर हिण्डौन विधानसभा कि पूर्व विधायक श्रीमती राजकुमारी जाटव ने प्रवास कर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओ को अधिक से अधिक सदस्य बनाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में मण्डल अध्यक्ष श्रीमती गीता देवी जाट ने मण्डल में सघन सदस्यता चलाने का विश्वास दिलाया। सदस्यता अभियान के मण्डल संयोजक प्रमोद शर्मा एडवोकेट ने सदस्यता अभियान में मण्डल कि अब तक प्रगति से अवगत कराया। इस दौरान केदार सरपंच,बूथ अध्यक्ष राजवीर सिंह, अनारवती आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दुर्गा पूजा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**हिंडौन सिटी।** शारदीय नवरात्रि से शुरू हुए दुर्गा पूजा महोत्सव में गुरुवार को विभिन्न स्थानों से कलश व शोभायात्रा निकाली गई। शहर में 10 से ज्यादा स्थानों पर दुर्गा पूजा महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें शहर के टीकाकुंड हनुमान मंदिर में आयोजित 23वां दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर मोहन नगर स्थित दुर्गा माता शीश महल से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें 1100 कलशों के साथ महिलाएं शामिल हुई। जिसमें डीजे पर बज रहे मैया रानी के भजनों पर श्रद्धालु थिरकते हुए चल रहे थे। यहां से प्रारंभ हुई कलश यात्रा मोहन नगर, जिला अस्पताल मार्ग, मनीराम पार्क होते हुए टीकाकुंड मंदिर पहुंची। जिसके उपरांत मुख्य आचार्य द्वारा विधि विधान व मन्त्रोच्चार से प्रतिमा स्थापित कराई गई। इसी प्रकार चौबे पाडा, जय माता दी भक्त मंडल की ओर से आयोजित हो रहे 15वां दुर्गा पूजा महोत्सव में जाट की सराय स्थित भूमिया बाबा मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। विभिन्न मार्गों से होकर कलश व शोभायात्रा चौबे पाडा पहुंची। यहां आचार्य रजनीश भारद्वाज ने मन्त्रोच्चारण से प्रतिमा स्थापित कराने के बाद महा आरती कराई। इसी के साथ शीतला कॉलोनी स्थित शनिदेव मंदिर, काना हनुमान पाडा, किशन नगर स्थित भूमिया बाबा मंदिर, जाट की सराय स्थित लाल कुंआ वालों की बगीची, जाटव बस्ती स्थित हरिजन बस्ती की पुलिया, श्री श्याम मंदिर सेवा धाम, मोहन नगर के पास, झारेडा रोड स्थित पुलिया के पास, प्रजापत मोहल्ला सहित कई स्थानों पर शारदीय नवरात्रि महोत्सव प्रारंभ हुआ।

# विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**करौली(नि.स.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन 1 से 7 अक्टूबर तक किया जा रहा है। उक्त सप्ताह के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष माधवी दिनकर के निर्देषानुसार गुरूवार को अपराधी सुधार दिवस के अवसर पर जिला कारागृह करौली पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला कारागृह के उपाधीक्षक रामावतार शर्मा द्वारा राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के चित्रपट पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।उक्त कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण सप्ताह समारोह के प्रभारी सामेन्द्र जो'ाी,वरिष्ठ सहायक हिम्मत कुमार मीना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता ईमामुद्दीन खांन द्वारा उपस्थित बंदियों को बंदी सुधार दिवस के अवसर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजाओं कि जानकारी प्रदान की गई तथा योजनाओं का लाभ प्राप्त किस प्रकार किया जा सकता है की जानकारी दी गई तथा बंदियों को समाज की मुख्य धारा से जुडने हेतु प्रेरित किया गया व बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कनिष्ठ सहायक चन्द्र दीप जैन एवं समाज कल्याण विभाग के कनिष्ठ सहायक नयन सुख खटाना,पैरा लीगल वॉलेन्टियर भगवान शर्मा सहित कारगृह स्टाफ आदि उपस्थित थे। अन्त में जिला कारागृह के उपाधीक्षक रामावतार द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया।

# सखी एन्जेलस संस्था के द्वारा गांधी जयंती समारोह का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** सखी एन्जेलस संस्था के द्वारा 2 अक्टूबर पर गांधी जयंती समारोह का आयोजन सिटी स्पाइस सारस चौराहा भरतपुर में किया गया। संस्था की अध्यक्ष एंजल सीमा अग्रवाल ने बताया हर साल 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाई जाती है। इस साल राष्ट्रिपता मोहनदास करमचंद गांधी की 155 वीं जयंती है, जिन्हें प्यार से महात्मा गांधी, बापू या राष्ट्रिपता के नाम से जाना जाता है।

इसमें महात्मा गांधी की भूमिका सछम अग्रवाल ने निभाई और गांधी के तीन बंदर की जगह, कलयुग के चार बंदरो की भूमिका हमारे संस्था के मेंबर्स लिपिका, अंचल, अनु अरौरा, कुसुम ने निभाई। गांधी का कलयुगी चौथा बंदर मौबाइल से सेल्फी वाला रहा।



गांधी जयंती समारोह का आयोजन सिटी स्पाइस सारस चौराहा भरतपुर में किया गया।

संस्था की सचिव नीरा गर्ग ने बताया कि महात्मा गांधी के स्वरूप और गांधी के बंदर से प्रोग्राम में रौनक आ गयी। महात्मा गांधी के बंदर द्वारा संदेश दिया गया कि बुरा मत देखो, बुरा मत कहो, बुरा मत सुनो।

इस कार्यक्रम की संयोजिका कृष्णा खंडेलवाल ने संस्था में मनोरंजन के लिए कुछ गेम्स रखे। फन गेम की विनर अनु अरौरा रही। एक गेम में आशी अग्रवाल प्रथम, लिपिका द्वितीय रहीं दूसरे गेम में प्रथम मंजु अग्रवाल द्वितीय सजल अग्रवाल रहीं।

# घर-घर में हुई घट स्थापना, गूंजने लगी चैपाइयां

**करौली** (नि.स.)। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्र शुरू होते ही माहौल धर्ममय हो गया है जहां हनुमान मंदिरो पर चैपाइयों की गूंज सुनाई दे रही है तो वही देवी मंदिरों और घर-घर में घट स्थापना के साथ दुर्गा पूजा की जा रही है। करौली जिला मुख्यालय पर नगाडखाना दरबाजा के समीप गायत्री पैलेस में मां करणपुर गुमानो सेवा समिति के तत्वाधान में माता कि हस्तनिर्मित प्रतिमा की स्थापना कर पूजा अर्चना का कार्यक्रम किया जा रहा है विद्वान पंडितों के मंत्रोचारणों के बीच माता रानी की स्थापना कर आरती कि गई इसके अलावा करौली शहर के चिकनाफर्स स्थित गुमानो माता के मंदिर में भक्त कैलाश शर्मा के द्वारा माता रानी कि प्रतिमा की सेवा पूजा कर अन्य कार्यक्रम शुरू हुए है जो नवरात्र के दौरान निरंतर चलेंगे वहीं मध्य प्रदेश से आए विद्वान पंडितों के द्वारा दुर्गा पाठ सहित अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे यही नहीं करौली शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों पर रामायण के पाठ शुरू हुए जिसके चलते चैपाइयों और दोहों कि गूंज के कारण माहौल धर्ममय हो गया है इसके अलावा नवरात्र शुरू होते ही घर-घर में घट स्थापना शुरू हुई और लोगों ने माता रानी कि पूजा अर्चना कि उत्तर भारत के प्रमुख शक्ति पीठ तीर्थ स्थल आस्था धाम कैला देवी में राज परिवार के सदस्यों द्वारा माता रानी कि पूजा अर्चना कर घट स्थापना की गई। इस दौरान राज्याचार्य पंडित प्रकाश चंद जती के मंत्रोचारणों के बीच घटस्थापना का कार्यक्रम हुआ इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अधिकारी उपस्थित रहे एवं विभिन्न राज्यों से आए मां भक्तों ने कतारो में लगकर कैला माता के दर्शन कर अपने परिवार कि खुशहाली की मनौती मांगी इस दौरान पूरा मंदिर प्रांगण कैला माता के जयकारों से गूंजायमान हो गया। इसके अलावा अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर शारदीय नवरात्रा साधना अनुष्ठान शुरू किया गया।

गायत्री परिवार के प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि व्यवस्था प्रमुख सर्वेश कुमार गुप्ता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने सपत्नीक घट पूजन कर अनुष्ठान प्रारम्भ किया। महिला मण्डल संयोजिका रेखा वर्मा ने कलश स्थापना के पूजा क्रम सम्पन्न कराए। अनुष्ठान के अन्तर्गत नौ दिन तक प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक गायत्री परिजनों द्वारा एक एक घंटे की पारियों में गायत्री मंत्र का जाप किया जा रहा है। इस अवसर पर गोविन्द सोनी, दीनदयाल, बालकृष्ण,श्योदान सिंह, रंजना भारद्वाज, अर्चना अग्रवाल, रमेश वर्मा आदि उपस्थित रहे। देखने लायक यह है कि शारदीय नवरात्र का महत्व आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत सराहनीय है।

नवरात्र का समय देवी भगवती कि उपासना के माध्यम से आत्मिक शक्ति, मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाने का एक अनूठा अवसर होता है। इस कालखंड में आहार-विहार का संयम और साधना,व्यक्ति कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और आंतरिक शक्तियों को जाग्रत करने का कार्य करता है। देवी दुर्गा जो इच्छा,ज्ञान और क्रिया शक्ति की प्रतीक हैं

# बैठक में राष्ट्रीय एकता का लिया संकल्प

**करौली**(नि.स.)।विप्र फाउंडेशन राजस्थान जॉन-1 डी संगठन प्रदेश मुख्यालय पर विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक सुशील ओझा,जोनल प्रभारी व हाड़ौती के प्रसिद्ध समाजसेवी भुवनेश्वर शर्मा चच्चू भईया ने संगठन के कार्यकर्ताओं को अपना अमूल्य मार्गदर्शन देते हुये विप्र फाउंडेशन के प्रमुख उद्देश्यों राष्ट्रीय एकता,सामाजिक समरसता व स्वजातीय गतिशीलता पर चलने व समाजहित के आगामी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु सलाह- मशविरा किया। विप्र फाउंडेशन राज0 जॉन-1 डी के प्रदेशाध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय बंटू नेता ने जॉन-1 डी के सभी महत्वपूर्ण कार्यकर्ताओं से वार्ता करके राष्ट्रीय संयोजक सुशील ओझा को यह आश्वस्त किया कि जॉन के सभी दायित्ववान कार्यकर्ता संगठन की रीति-नीति के अनुसार समाजहित में अपना सर्वश्रेष्ठ व अधिकतम योगदान देने के लिये कृत संकल्पित हैं एवं सदैव तत्पर रहते हैं और आगामी समय में प्रदेश कार्यसमिति बैठक का आयोजन करके नवीन रूपरेखा बनाई जाएगी।

जॉनल प्रभारी व केंद्रीय प्रतिनिधि भुवनेश्वर शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओ से आ ान किया कि हमारे जॉन-1 डी के सभी कार्यकर्ताओ ने सदैव संगठन के मार्गदर्शन में समाज के बीच अपनी महत्वपूर्ण सकारात्मक भूमिका निभाई है

## सर्प दंश से महिला की मौत

**गंगापुर सिटी ।** कुडगांव थाना क्षेत्र के गांव मंडावरा में एक महिला को खेती के कार्य के दौरान जहरीले सांप ने डस लिया। घायल अवस्था में परिजन महिला को गंगापुर सिटी एक निजी हॉस्पीटल लेकर गए, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महिला पानबाई ( 33 ) पत्नी चेतराम मीणा खेत में काम कर रही थी, इसी दौरान उसे सांप ने काट लिया। सर्पदंश के बाद महिला बेहोश हो गई।

घायल महिला को परिजन तुरंत गंगापुर सिटी के एक निजी हॉस्पीटल में लेकर आए। जहां महिला पानबाई मीणा का इलाज किया गया, लेकिन उसकी तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ।

आखिर में डॉक्टरों ने उसे महिला की स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया। इस पर परिजन महिला को गंगापुर सिटी जिले के राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे और भर्ती कराया, लेकिन यहां जांच के बाद डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

महिला पानबाई के 2 छोटे बच्चे हैं। जिनकी उम्र 7 साल और 5 साल है। ऐसे में महिला पानबाई की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। महिला का पति चेतराम दोनों पैरों से विकलांग है। जिला अस्पताल में मेडिकल टीम के द्वारा पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# करौली में मनाई अग्रसेन जयंती, निकाली गई शोभा यात्रा

■ 31001 रूपये मे मुख्य कलश की बोली पूरन भगत के नाम रही

**करौली ( नि.स. )।** अग्रवाल समाज सदन करौली मे अग्र कुल प्रवर्तक महाराजा श्रीअग्रसेन जी की 5148बी जयंती बड़ी धूम धाम के साथ मनाई गई प्रात:7:00 बजे अग्रचेतना वाहन रैली मोटर साइकिल रैली के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज सदन अनाज मंडी करौली मे प्रात: 10:00 बजे झंडारोहण के बाद बोलियों का लगना प्रारम्भ हुआ 31001 रूपये मे मुख्य कलश की बोली पूरन भगत के नाम रही, 31001 रुपये माला की बोली गुप्तदान बोली रही छत्तर की बोली 25001 रुपये मे बृजलाल गुप्ता अध्यक्ष अग्रवाल समाज करौली दिनेश जी भांकरी बाले के नाम रही चवर की बोली 22001रुपये तुलसीदास गोयंका पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल समाज करौली के नाम रही, मुख्य ध्वज की बोली 11001 रुपये में दिनेश भीकमपुरा बाले के नाम रही 11001रुपये हरिचरण लाल जिंदल, निर्मल जिंदल की और से सहयोग राशि के रूप में प्रदान किये बोलियों के बाद प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस दौरान करौली शहर का पूरा बाजार दोपहर 12:00 बजे बाद बंद रहा। दोपहर 2:00 बजे बाद कलश यात्रा के साथ शोभा यात्रा विविध प्रकार की सजीव झांकियां अग्रसेन जी महाराज के रथ के साथ करौली शहर के प्रमुख बाजारों अनाज मंडी,बड़ा बाजार,भूडारा बाजार, होली खिडकिया,पुरानी ट्रक यूनियन, कलेक्ट्री चैराहा,हाथीघटा, गुलाब बाग,हिंडौन गेट,फूटाकोट, होती हुई बापस अनाज मंडी अग्रवाल धर्मशाला पहुची।रास्ते में जगह जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया

इस अवसर पर अग्रवाल समाज अध्यक्ष बृजलाल गुप्ता, महामंत्री मुकेश गुप्ता मावे वाले, कोषाध्यक्ष मुकेश बंसल, उपाध्यक्ष रिद्धि चंद बंसल, संगठन मंत्री रामेश्वर गुप्ता, सहमंत्री विमल बंसल, प्रचार मंत्री राजेश बजाज, सुरेंद्र सिंघल पिंटेश, अशोक दोना पत्तल, लोकेश गुप्ता, नरेंद्र सिंघल, दीपक सनेटीया, राजेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, दिनेश चंद गुप्ता भांकरी बाले, जगदीश जिंदल, दीनदयाल गुप्ता, मनीष बंसी, मुरारी बंसल एवं महिला मंडल मे राष्ट्रीय महामन्त्री रेखा गोयंका, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता सर्राफ, प्रदेश सलाहकार गायत्री सर्राफ, प्रदेश मंत्री वर्षा सर्राफ,जिला वरिष्ठ उपाध्याय रेणुका गर्ग,जिला संगठन मंत्री चंद्रकांता गुप्ता, करौली महिला मंडल अध्यक्ष मंजू सिंघल, महामन्त्री नीतू गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुनीता अग्रवाल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष्य माया गुप्ता,उपाध्यक्ष आशा बजाज,सहमंत्री कृष्ण गोयंका,संगठन मंत्री राजकुमारी गुप्ता,प्रचार मंत्री इंद्रा गुप्ता,सांस्कृतिक मंत्री ममता जिंदल, मीडिया प्रभारी श्वेता गुप्ता, खेल मंत्री सुशीला गुप्ता की टीम सहित समाज के प्रमुख लोग कार्यक्रम मे उपस्थित थे। वही पूरी शोभा यात्रा के दौरान देखने को मिला कि पुलिस प्रशासन का पूरा भरपूर सहयोग रहा और लगभग पुलिसकर्मी पूरी शौभा यात्रा के साथ साथ चल रहे थे।

## शोभायात्रा निकाली

**हिंडौन सिटी।** श्री अग्रसेन महाराज की जयंती पर अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन महाराज की कलश यात्रा, शोभायात्रा और युवाओं ने बाइक रैली निकाली। शोभायात्रा धाकड़ पोठा स्थित अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर चौपड़ सर्किल, बयाना मोड़ होते हुए मोहन नगर, नई मंडी, स्टेशन रोड से अग्रसेन कॉलेज पहुंची।

इस दौरान रास्ते में भारत विकास परिषद की शाखा विवेकानंद ने पुष्प वर्षा की और शर्बत पिलाया।इसके बाद शोभायात्रा मंडी होते हुए स्टेशन रोड स्थित पत्थर वालों की धर्मशाला पहुंची। जहां पर सामूहिक रूप से अग्रसेन महाराज की आरती की गई।

## कार्यशाला का आयोजन किया

**भरतपुर ( निस )।** बीईएसएल ने बिजलीघर सब डिवीजन कार्यालय में पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के प्रति जागरूकता हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें एमएनआरई अधिकृत सोलर वेंडर भी भाग ले रहे हैं। पीआरओ सुधीर प्रताप सिंह ने बताया कि पहले दिन लगभग 25 उपभोक्ता कार्यशाला में इस योजना के तहत लगने वाले रूफटॉप सोलर की जानकारी हासिल करने आए और 4 उपभोक्ताओं ने योजना को समझ कर हाथोंहाथ रजिस्ट्रेशन भी करा दिया। पीएम सूर्य घर योजना के तहत एक किलोवाट रूफटॉप सोलर संयन्त्र लगवाने पर 30,000, दो किलोवाट पर 60,000 और तीन या उससे अधिक लोड का सोलर संयन्त्र लगवाने पर 78,000 रूपये की सरकार द्वारा सब्सिडी देने का प्रावधान है। इसके साथ ही उपभोक्ता बैंकों से उचित दरों पर ऋण की सुविधा भी ले सकता है। कार्यशाला का आयोजन बिजली घर सब डिवीज़न कार्यालय पर 4 अक्टूबर को भी किया जायेगा।

कार्यशाला में बीईएसएल के सीओओ आकाश सक्सेना, जेवीवीएनएल के एक्सईएन जीएल गुप्ता, सीआरएम हैड क्षितिज मिश्रा, पीआरओ सुधीर प्रताप सिंह, एचआर प्रभात सिंह, एईएन बहादुर सिंह, एडमिन अजय परमार और कनिष्ठ लिपिक शिवांगी उपाध्याय मौजूद रहे एवं उपभोक्ताओं का उचित मार्गदर्शन किया।

# स्वच्छता जागरूकता के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** कोटा मंडल में स्टेशनों एवं डिपो कार्यालयों में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर रेल कर्मियों द्वारा स्वच्छता श्रमदान किया गया। कोटा में डीआरएम मनीष तिवारी सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कोटा स्टेशन परिसर में स्वच्छता श्रमदान किया। मंडल रेल प्रबन्धक ने स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे दैनिक जीवन में नियमित अपनाने की जरूरत है हम सभी न केवल अपने घर को बल्कि अपने आस-पास एवं कार्यस्थल को भी स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी है। इसके अतिरिक्त कोटा स्टेशन के बुकिंग कार्यालय के निकट सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों द्वारा नुक्कड नाटक का मंचन किया गया। नुक्कड नाटक के माध्यम से यात्रियों एवं रेल कर्मियों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता सन्देश दिया गया। साथ ही डीआरएम ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत उत्कृष्ट स्वच्छता के लिए शील्ड प्रदान किया। स्वच्छता शील्ड स्वच्छ स्टेशन-भरतपुर, स्वच्छ कालोनी-वर्कशाप कालोनी, स्वच्छ डिपो-एसएसई पीवे मांडलगढ़, स्वच्छ बैरक-रिजर्व कम्पनी कोटा, स्वच्छ कार्यालय-सामान्य शाखा, स्वच्छ रेलगाड़ी-कोटा-निजामुद्दीन जनशताब्दी एक्सप्रेस एवं स्क्रेप से निर्मित कलाकृति उत्पाद के लिए दिया



दिया गया। इसके अतिरिक्त स्वच्छता अभियान के आयोजित खेलकूद विजेता को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक आरआर के सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुप्रकाश, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारी रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल यात्रिक इंजीनियर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में यात्री उपस्थित रहे। **भरतपुर संवाददाता के अनुसार:** कैला देवी क्षेत्र विकास संस्थान झील का बाड़ा द्वारा माँ कैलादेवी की पदयात्रा धूमधाम से निकाली गई।

संस्था के मंत्री बृजकिशोर शर्मा ने बताया कि यह पद यात्रा रवाना होने से पूर्व गंगाजी के मंदिर के मुख्य द्वार के सामने से प्रारम्भ हुई।

जिसकी जिला अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष सीए अतुल मित्तल द्वारा पूजा अर्चना संस्था सदस्यों की उपस्थिति में करवाई गई। पदयात्रा में भव्य रोशनी के साथ बैंड स्वर लहरियों में माता के भक्ति गीतों की ध्वनि सभी को आकर्षित कर रही थी।

